रजिस्ट्री सं. डी-(डी एन)—128/90 REGISTERED NO. D—(DN)—128/90

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 30] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 28, 1990 (श्रावण 6, 1912)
No. 30] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 28, 1990 (SRAVANA 6, 1912)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

लोक ऋण कार्यालय

बम्बई–400001-दिनांक 28 जुलाई 1990

सं० एल० एन०/विशेष–2/औद्योगिक वित्त निगम बांड—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) के खंड 43 के अन्तर्गत बनायी गई औद्योगिक वित्त निगम (बांड निर्गम) विनियमावली, 1949 के विनियम 10 के अनुसरण में दिनांक 30 जून, 1990 को समाप्त होने वाली छः माहों के लिए गुम, नष्ट हुए आदि बांडों की निम्नलिखित सूची इसके साथ प्रकाशित की जा रही है, जिनके संबंध में प्रथमदृष्टया यह मानने के लिए आधार है कि वे बांड खो गए हैं और आवेदक का दावा न्यायसंगत है। जिन दावेदारों के नाम नीचे दिए गए हैं उससे भिन्न यदि किसी व्यक्ति को इन बांडों पर कोई भी दावा करना है, तो वे प्रबन्धक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लोक ऋण कार्यालय, बम्बई–400001 से तत्काल संपर्क करें। यह सूची दो भागों में विभाजित की गयी है। भाग "क"–उन प्रतिभूतियों

की सूची जिनका विज्ञापन पहली बार किया जा रहा है और भाग "ख" उन प्रतिभूतियों की सूची है जिनका विज्ञापन पहले किया जा चुका है।

बांड संख्या	मूल्य रुपये	निम्नलिखित के नाम पर जारी	निम्नलिखित दिनांक से ब्याज देय	चुकौती मूल्य के भुगतान के लिए दावेदार(रों) का/के नाम	जारी किये गए आदेशों की संख्या और दिनांक	प्रकाशन की वह तिथि जब प्रतिभूति का पहले उल्लेख किया गया था

सूची "क"

कोई नहीं

सूची "ख"

5-1/2 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड 1978

बीबाई-000635 बीबाई-000636	10,000/- 10,000/-	भारतीय रिज़र्व बैंक	27-9-76	दि ओरिएंटल इन्शुरेंस कंपनी लिमिटेड	मामला सं० एल० 1684-संयुक्त प्रबंधक के दिनांक 19-3-86 के आदेश और केन्द्रीय कार्यालय डायरी सं० 383—दिनांक 20-3-86	9-8-86

6 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड 1986

बीबाई 001808	5,000/-	भारतीय रिज़र्व बैंक	10-6-84	मुस्लिम को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, पूना	मामला सं०एल० 1880-संयुक्त प्रबंधक के दिनांक 25-7-86 के आदेश और केन्द्रीय कार्यालय डायरी सं० 44-दिनांक 26-7-86	14-3-87

लेखा अधिकारी
लोक निर्माण कार्यालय
बम्बई

पी० आर० अनंतरामन,
प्रबन्धक

भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय कार्यालय
बम्बई, दिनांक 27 जून 1990

सूचना

सं० एस बी डी/1946—भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 29 के निबंधनानुसार भारतीय स्टेट बैंक ने स्टेट बैंक आफ इन्दौर के निदेशक बोर्ड से परामर्श करके तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से डॉ० एम० के० सिन्हा के स्थान पर श्री सी० शिवशंकर को दिनांक 23 जून, 1990 से 31 मार्च, 1994 (दोनों दिन सम्मिलित) स्टेट बैंक आफ इन्दौर के प्रबन्ध निदेशक के पद पर नियुक्त किया है।

ह०/- अपठनीय
अध्यक्ष

इलाहाबाद बैंक
प्रधान कार्यालय
कलकत्ता-700001, दिनांक 21 जून 1990

सं० विधि/2/90—इलाहाबाद बैंक का निदेशक मंडल, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम 1970 की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श और केन्द्रीय सरकार की पूर्व संस्वीकृति से एतद्द्वारा इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में संशोधन करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है।

2. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—

(1) ये विनियम इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 1990 कहे जा सकेंगे।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

3. (1) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा, 1979 के विनियम 3(2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा—

"वेतन" से अभिप्रेत मूल वेतन से है जिसमें प्रगति रोध वेतन वृद्धि भी शामिल है"।

(2) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम के विनियम 3(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा—

"सकल वेतन" में मूल वेतन और मंहगाई भत्ते का योग अभिप्रेत है।"

(3) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 4(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"1-2-1984 को और से अधिकारियों के निम्नलिखित चार ग्रेड होंगे और प्रत्येक ग्रेड के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान होंगे"—

(क) शीर्षस्थ कार्यपालक ग्रेड :

वेतनमान VII रु० 4,100/—125—4,600/-
वेतनमान VI रु० 3,850-125-4,350/-

(ख) वरिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान V रु० 3,575-100-3,685/-
115-3,800/-

वेतनमान IV रु० 2,925-105-3,450/-

(ग) मध्यम प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान III रु० 2,650/—100—3,250/-
वेतनमान II रु० 1,825-100-2,925/-

(घ) कनिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान I रु० 1,175-60-1,475/-70-1,895-ब- रो०-95-2,275/-100-2,675/-.

1-11-1987 को और से निम्नवत प्रत्येक ग्रेड के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान होंगे :—

(क) शीर्षस्थ कार्यपालक ग्रेड :

वेतनमान VII रु० 6,400,-150-7,000/-
वेतनमान VI रु० 5,950-150-6,550/-

(ख) वरिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान V रु० 5,350-150-5,950/-
वेतनमान IV रु० 4,520-130-4,910/-
140-5,050-150-5,350/-

(ग) मध्यम प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान III रु० 4,020-120-4,260/- 130 4,910/-

वेतनमान II रु० 3,060-120-4,260-130-4,390/-.

(घ) कनिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड :

वेतनमान I रु० 2,100-120-4,020/-

परन्तु विनियम के अन्तर्गत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वेतनमान में रखे गए प्रत्येक अधिकारी को जो नियम तारीख को प्रवृत्त वेतनमान द्वारा शासित है, सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप ऊपर दिए गए वेतनमान में रखा जाएगा।

(4) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा अधिनियम, 1979 के विनियम 5(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"1-11-1987 को और से, वेतनवृद्धि निम्नलिखित उप धारा के अनुरूप प्रदान की जाएगी" :—

(क) विनियम 4(1) में वर्णित वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धि, सक्षम प्राधिकारी की संस्वीकृति के अधीन, वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होगी और वह उस माह की पहली तारीख को प्रदान की जाएगी जिसमें वह देय होती है।

(ख) वेतनमान I और वेतनमान II के अधिकारियों को उनके संगत वेतनमानों में अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष बाद केवल नीचे (ग) में विनिर्दिष्ट अनुसार अगले उच्च वेतनमान में प्रगतिरोध वेतनवृद्धियों(यों) समेत, और वेतनवृद्धियां प्रदान की जाएंगी, बशर्ते कि उन्होंने दक्षता-रोध पार कर लिया हो।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों समेत, वे अधिकारी जो मध्यक प्रबन्धन ग्रेड वेतनमान II तथा III के अन्तिम चरण में पहुंच गए हैं, (क) सेवा के प्रत्येक तीन वर्ष पूरे होने पर, यथास्थिति वेतनमान II तथा वेतनमान III के अन्तम चरण के अधिकारियों को अधिकतम ऐसी दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी जिसमें प्रत्येक 130 रुपए की होंगी तथा ऐसी एक वेतनवृद्धि वेतनमान III के अन्तिम चरण में पहुंचे अधिकारी को दी जाएगी जो 140 रुपए की होगी।

नोट :—अगले उच्च वेतनमान में, ऐसी वेतनवृद्धियां प्रदान करने का अभिप्राय पदोन्नति नहीं होगा, यहां तक कि अधिकारी ऐसी वेतनवृद्धियां प्राप्त करने के बाद भी यथास्थिति अपने मूल I वेतनमान I या वेतनमान II के विशेषाधिकार, अनुलाभ प्राप्त करते रहेंगे तथा कर्त्तव्य, दायित्व करते रहेंगे या पद पर बने रहेंगे।

(5) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 5(2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए :—

"सीएआईआईबी परीक्षा का प्रत्येक भाग उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि दी जाएगी"।

1-11-1987 को और से, जो अधिकारी वेतनमान में अधिकतम पर पहुंचता है या पहुंच चुका है और जो पदोन्नति के अलावा वेतन में और कोई वृद्धि प्राप्त नहीं कर सकता उसे सरकारी दिशानिर्देशों के अधीन, यदि कोई हो, सीएआईआईबी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अतिरिक्त वेतनवृद्धि के बदले निम्नवत् व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :—

जिन्होंने सीएआईआईबी का केवल भाग-I उत्तीर्ण किया है	एक वर्ष के बाद प्रतिमाह 100/- रु० जिनमें से 75/- रु० वार्धक्य निवर्तन लाभों हेतु रखे जाएंगे।
जिन्होंने सीएआईआईबी के दोनों भाग उत्तीर्ण किए हैं	(1) एक वर्ष बाद 100/- रु० प्रतिमाह जिनमें से 75/- रु० वार्धक्य निवर्तन लाभों हेतु रखे जाएंगे। (2) दो वर्ष के बाद 250/- रु० प्रतिमाह, जिनमें से 200/- रु० वार्धक्य निवर्तन हेतु रखे जाएंगे

नोट : यदि कोई अधिकारी जो व्यावसायिक अर्हता भत्ता प्राप्त कर रहा है, अगले उच्च वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो उसका ऐसे अगले उच्च वेतनमान में नियतन किया जाएगा और उस वेतनमान में सीए आई आई बी उत्तीर्ण करने के लिए अतिरिक्त वेतनवृद्धि (यों) प्रदान की जाएगी, यदि उस वेतनमान में उसे वेतनवृद्धि दी जा सकती होगी, और उस वेतनमान में और वेतन-वृद्धियां उपलब्ध नहीं है, या उस वेतनमान में केवल एक वेतनवृद्धि ही दी जा सकती है, तो अधिकारी वेतनवृद्धि (यों) के स्थान पर व्यावसायिक अर्हता भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा।

(6) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 21 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए :—

"1-11-1987 को और से, मंहगाई भत्ता योजना निम्नवत होगी"—

(I) अखिल भारतीय औसत कर्मकार वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) जिसका आधार 1960-100 है, के तिमाही औसत में 600 पाइंटों से प्रत्येक 4 पाइंटों के उतार या चढ़ाव हेतु मंहगाई भत्ता देय होगा।

(II) मंहगाई भत्ता निम्नलिखित दरों के अनुसार देय होगा—

(i) 1650/ रु० तक वेतन का 0.67 प्रतिशत जमा

(ii) 1650/- रु० से ऊपर और 2835/- रु० तक वेतन का 0.55 प्रतिशत जमा

(iii) 2835/- रु० से ऊपर और 4040/- रु० तक वेतन का 0.33 प्रतिशत जमा

(iv) 4020/- रु० से अधिक वेतन का 0.17 प्रतिशत

7(क) इलाहबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 22(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"1-11-1987 को और से, जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवास दिया जाता है वहां उस वेतनमान के जिसमें उसे रखा गया है, प्रथम प्रक्रम के वेतन का 6 प्रतिशत या आवास के लिए मानक किराया इनमें से जो भी कम हो उससे वसूल किया जाएगा"।

(ख) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 22(2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"1-11-1987 को और से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवास सुविधा नहीं प्रदान की गई है तो वह निम्नलिखित दर पर मकान किराया भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा"—

जहां कार्य स्थल निम्नांकित जगहों पर है	देय मकान किराया भत्ता निम्नांकित होगा
(i) सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर "क" वर्ग के बड़े शहरों के रूप में निर्दिष्ट शहर तथा समूह "क" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 14 प्रतिशत अधिकतम 375/- रु० तक
(ii) क्षेत्र I में अन्य स्थान और समूह "ख" में परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12 प्रतिशत अधिकतम 300/- रु० तक
(iii) क्षेत्र II तथा राज्यों की राजधानियां तथा संघ शासित राज्यो की राजधानियां जो उपर्युक्त (i) तथा (ii) में शामिल न हों।	वेतन का 10 प्रतिशत अधिकतम 250/- रु० (i) तक
(iv) क्षेत्र III	वेतन का 8 प्रतिशत अधिकतम 225/- रु० तक

किन्तु यदि कोई अधिकारी किराया रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता उस वेतनमान के

प्रथम चरण में, जिसमें उसे रखा जाता है, वेतन के 6 प्रतिशत से अधिक उसके आवास के लिए उसके द्वारा प्रदत्त वास्तविक किराया होगा किन्तु यह अधिकतम अन्यथा देय अधिकतम मकान किराया भत्ते का 160 प्रतिशत होगा।

(ग) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 के विनियम 22 (3) और उसके स्पष्टीकरण (1) (क), (ख), के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा

"जहाँ कोई अधिकारी अपने स्वयं के आवास में रहता है, वहां वह उसी आधार पर मकान किराया भत्ते का पात्र होगा जो उप विनियम (2) के परन्तुक में उल्लिखित है, मानो वह नीचे दिए गए "क" या "ख" में से उच्चतर के 12 वें भाग के बराबर राशि का मासिक किराए के रूप में संदाय कर रहा हो -

—क—

निम्नलिखित का योग:—

(I) निवास स्थान की बाबत संदेय नगरपालिका कर, और

(II) भूमि की लागत सहित आवास की पूंजीगत लागत का 12 प्रतिशत तथा यदि वह आवास भवन का एक हिस्सा है तो उस आवास से संबंद्ध भूमि की पूंजीगत लागत का समानुपातिक अंश, वातानुकूलक जैसे विशेष फिक्सचर, छोड़कर या

—ख—

निवास स्थान के नगरपालिका निर्धारण हेतु लिया गया वार्षिक किराया मूल्य स्पष्टीकरण :—

(1) इस विनियम के प्रयोग के "मानक किराया" से निम्नलिखित अभिप्रेत है—

(क) ऐसे निवास स्थान के मामले में जो बैंक के स्वामित्व में है, ऐसी प्रक्रिया के अनुसार परिकलित मानक किराया जो सरकार में ऐसे परिकलन के लिए प्रचलित है,

(ख) जहाँ निवास स्थान बैंक ने किराए पर लिया है, वहां बैंक द्वारा संदेय संविदागत किराया।

8 (क) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 के विनियम 23 (1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए—

"1-11-1987 को और से, यदि वह नीचे दी गई सारणी के कॉलम 1 में वर्णित किसी स्थान पर सेवा कर रहा है तो कॉलम 2 में उस स्थान के सामने वर्णित दर पर नगर प्रतिपूरक भत्ता दिया जाएगा परन्तु यह कि पणजी और मर्मगाओं के शहरी समूह से इतर गोवा राज्य के उन स्थानों पर, जहां 1-11-1987 को भत्ता देय नहीं था, नगर प्रतिपूरक भत्ता 20-08-1988 से देय होगा"।

स्थान	दर
(क) क्षेत्र 1 और गोवा राज्य के स्थान	मूल वेतन का 6½ % अधिकतम 220/- रु० प्रतिमाह
(ख) 5 लाख तथा उससे अधिक की जनसंख्या वाले स्थान तथा राज्यों की राजधानियां एवं चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्टब्लेयर जो उपर्युक्त (क) में नहीं आते	मूल वेतन का 4 अधिकतम 135 रु० प्रतिमाह

(ख) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 197 के विनियम 23 (v) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"1-1-1987 को और से, यदि कोई अधिकारी बैंक से बाहर प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह जिस पद पर प्रतिनियुक्त है उस पद से संबंधित परिलब्धियां प्राप्त करना चुन सकता है। विकल्पतः वह अपने वेतन के अतिरिक्त, वेतन पर 12 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति भत्ता अधिकतम 700/- रु० तथा ऐसे अन्य भत्ते जो वह उस स्थान पर बैंक की सेवा में पदस्थ होने पर लेता, ले सकता है।

परन्तु यह कि यदि वह ऐसे प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्त है जो उसी स्थान पर अवस्थित है जहां वह अपनी प्रतिनियुक्ति से ठीक पूर्व पदस्थ था, तो वह अपने वेतन के 6 प्रतिशत के बराबर और अधिकतम 350/- रु० प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करेगा।

परन्तु यह भी कि बैंक के प्रशिक्षण प्रतिष्ठान में संकाय सदस्य के रूप में या बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त पर कोई भी अधिकारी अपने वेतन का 6 प्रतिशत, और अधिकतम 350/- रु० प्रतिनियुक्त भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा।

(ग) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 23 (vi) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए -

"11-1-1987 को और से, यदि किसी उच्चतर वेतनमान के किसी पद पर कार्य करने की उससे अपेक्षा की जाती है तथा उसकी अनवरत अवधि एक बार में 7 दिनों से कम नहीं है अथवा एक कैलेण्डर माह के दौरान कुल 7 दिन है, तो उस अवधि हेतु जिसके लिए वह स्थानापन्न के रूप में कार्य करता है उसे अपने वेतन के 6 प्रतिशत के बराबर स्थानापन्न भत्ता प्राप्त होगा किन्तु यह राशि 250/- रु० प्रतिमाह से अधिक नहीं होगी। स्थानापन्न भत्ता भविष्य

निधि के प्रयोजनार्थ वेतन के रूप में माना जाएगा, अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं" ।

किन्तु यह कि यदि कोई अधिकारी विनियम 5 के अंतर्गत केवल पदों के वर्गीकरण की समीक्षा के स्वरूप उच्चतर वेतनमान के पद पर कार्य करने लिए जाता है तो वह वर्गीकरण की समीक्षा प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि हेतु स्थानापन्न भत्ते का पात्र न होगा।

(घ) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 के विनियम 23 (vii) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

वित्त वर्ष 1989-90 में और से, यदि वह ऐसी शाखा में पदस्थ है जहां 31 मार्च और 30 सितम्बर को बहियां बन्द की जाती हैं, वहां दो लेखा बन्दियों में से प्रत्येक लेखा-बन्दी के लिए 150/- रु० लेखाबन्दी (क्लोजिंग) भत्ता दिया जाएगा ।

(ङ) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम के विनियम 23(X) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"1–11–1987 की और से, यदि वह नीचे दी गई सारणी के कॉलम 1 में उल्लिखित स्थान पर सेवारत है तो उसके कालम 2 में उल्लिखित दर पर पहाड़ और ईंधन भत्ता दिया जायेगा"

सारणी

स्थान	दर
(i) 100 मीटर और अधिक किन्तु 1500 मीटर से कम ऊँचाई वाले स्थान और मेरकारा कस्बा	वेतन का 5 प्रतिशत किन्तु अधिकतम 130/- रु०
(ii) 1500 मीटर और अधिक किन्तु 3000 मीटर से कम उँचाई वाले स्थान	वेतन का 6½ प्रतिशत किन्तु अधिकतम 160/- रु०
(iii) 3000 मीटर और अधिक उँचाई वाले स्थान	वेतन का 15 प्रतिशत किन्तु अधिकतम 600/- रु०

नोट :

(क) कोई अधिकारी ऐसे किसी स्थान पर पदस्थ है जहां 750 मीटर से कम उँचाई नहीं है, और जो अपेक्षाकृत ज्यादा उँची पहाड़ियों से घिरा है तथा जहां 1000 मीटर या अधिक की उँचाई पार किये बिना नहीं पहुंचा जा सकता है, उन्हें उसी दर पर पहाड़ और ईंधन भत्ता दिया जायेगा जिस दर पर 1000 मीटर या अधिक की उँचाई वाले स्थानों पर दिया जाता है।

(ख) यदि इस समय किसी ऐसे स्थान पर पहाड़ और ईंधन भत्ता दिया जा रहा है जो उपर्युक्त वर्गीकरण में नहीं आता, तो वह भत्ता नहीं दिया जायेगा 1-11-1987 और 30-4-1989 के बीच पहले ही दिये जा चुके भत्ते वापस नहीं लिये जायेंगे। 1 मई, 1989 से केवल पुराने प्रावधानों के अन्तर्गत उन अधिकारियों के मामले में, जो उस केन्द्र पर उस तारीख को या उसके पहले पदस्थ थे, 30 अप्रैल 1989 को प्रदत्त भत्ते की प्रमात्रा दी जाती रहेगी जब तक वे उस वेतनमान में और उस केन्द्र पर पदस्थ रहेंगे।

9(क) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 24(1)(क) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा:—

"प्रत्येक अधिकारी अपनी और अपने परिवार की बाबत अपने द्वारा वास्तव में खर्च किये गये चिकित्सा खर्च की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिये पात्र होगा", अर्थात्

(क) चिकित्सा खर्च

1–11–1987 की ओर से, नीचे दी गई सारणी कॉलम 1 में विनिर्दिष्ट वेतन वर्ग में किसी अधिकारी और उसके परिवार के चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति स्वयं अधिकारी के इस प्रमाणपत्र के आधार पर की जायेगी कि उसने इस पर खर्च किया, जिसके समर्थन स्वरूप दावाकृत रकमों के लिये लेखा विवरण दिया जायेगा, प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा सारणी के कालम 2 में विनिर्दिष्ट अनुसार होगी—

सारणी

वेतन वर्ग	प्रतिपूर्ति सीमा प्रतिवर्ष
2,100/- रु० से 3,600/- प्रतिमाह	600/- रु०
3,061/- रु० प्रतिमाह और अधिक	800/- रु०

नोट :

कोई अधिकारी अनुपयुक्त चिकित्सा सहायता को संचित कर सकता है किन्तु यह संचित राशि किसी भी स्थिति में, ऊपर उल्लिखित अधिकतम राशि की तीन गुणा राशि से अधिक नहीं होनी चाहिये ।

स्पष्टीकरण

इस विनियम के प्रयोजन के लिये, किसी अधिकारी का परिवार केवल पति/पत्नी, पूर्णतया आश्रित सन्तान और पूर्णतया आश्रित माता-पिता से मिलकर बनेगा ।

9(ख) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 24(1)(ख)(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"1-4-1989 की ओर से, अस्पताल में भर्ती प्रभारों की किसी अधिकारी के मामले में 90% और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60% तक उन मामलों में प्रतिपूर्ति की जायेगी जिनमें अस्पताल में भर्ती किया जाना अपेक्षित है।

9(ग) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 24(1)(ख)(v) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"1-4-1989 की ओर से निम्नलिखित बीमारियों की बाबत, जिनका इलाज घर पर किये जाने की जरूरत है जैसा कि मान्यता प्राप्त अस्पताल प्राधिकारी और बैंक का चिकित्सा अधिकारी प्रमाणित करे, होने वाले चिकित्सा खर्च को अस्पताल में भर्ती का खर्च माना जायेगा और इसकी अधिकारी के मामले में 90% और उसके परिवार के सदस्य के मामले में 60% तक प्रतिपूर्ति की जायेगी:—

कैंसर, तपेदिक, लकवा, हृदय रोग, ट्यूमर, चेचक, फुफुसावरण-शोथ, डिप्थीरिया, कुष्ठ रोग, गुरदा रोग।

10. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 25 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"1-11-1987 को ओर से, कोई भी अधिकारी अधिकार के रूप में, बैंक द्वारा निवास स्थान पर दिये जाने का हकदार नहीं होगा किन्तु बैंक अधिकारी द्वारा अपने उस वेतनमान, जिसमें उसे रखा गया है, के प्रथम प्रक्रम के वेतन का 6% निवास स्थान का मानक किराया इनमें से जो भी कम हो, का संदाय करने पर निवास स्थान की व्यवस्था करेगा। परन्तु यह भी कि यदि ऐसे स्थान में फर्नीचर उपलब्ध कराया जाता है तो बैंक द्वारा वेतनमान के प्रथम प्रक्रम में वेतन के 1½ प्रतिशत के बराबर राशि वसूल की जायेगी। यह भी कि जहां बैंक ने ऐसे निवास स्थान की व्यवस्था की है वहां विद्युत, जल, गैस, और सफाई के लिये प्रभार अधिकारी द्वारा वहन किये जायेंगे।"

(11) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 34(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"1-1-1989 को ओर से, प्रत्येक अधिकारी प्रत्येक पूरे वर्ष की सेवा के लिये 30 दिन की बीमारी की छुट्टी का पात्र होगा, किन्तु यह सम्पूर्ण सेवा के दौरान अधिकतम 18 महीने होगी। ऐसी छुट्टी 540 दिन तक संचित की जा सकेगी और बैंक को स्वीकार्य या बैंक के विवेकानुसार, उसके द्वारा अपने खर्च पर नामित चिकित्सक द्वारा दिये गये चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर ही ली जा सकेगी।

(2) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 41(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"25-3-1990 की ओर से, जब कभी किसी अधिकारी से ड्यूटी पर यात्रा करने की अपेक्षा की जाती है तब निम्नलिखित उपबन्ध लागू होंगे—

(i) कनिष्ठ प्रबन्धक ग्रेड का कोई अधिकारी रेल द्वारा प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित स्लीपर में यात्रा कर सकेगा। तथापि, कारोबार की आवश्यकताओं या जनहित को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी जाये तो वह विमान (किफायती श्रेणी) द्वारा यात्रा कर सकेगा।

(ii) मध्यम प्रबन्धन ग्रेड का कोई अधिकारी रेल द्वारा प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित स्लीपर में यात्रा कर सकेगा। तथापि, यदि यात्रा की दूरी 600 कि० मी० से अधिक है तो वह विमान (किफायती श्रेणी) से यात्रा कर सकेगा। तथापि, दूरी कम होने पर भी यदि कारोबार की आवश्यकताओं या जनहित को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञा दी जाये तो वह विमान (किफायती श्रेणी) से यात्रा कर सकेगा।

(iii) वरिष्ठ प्रबन्धन या शीर्षस्थ कार्यपालक ग्रेड का अधिकारी वातानुकूलित प्रथम श्रेणी या विमान (किफायती श्रेणी) में से यात्रा कर सकेगा।

(iv) वरिष्ठ प्रबन्धन या शीर्षस्थ कार्यपालक ग्रेड का अधिकारी विमान या रेल से न जुड़े स्थानों के बीच कार द्वारा यात्रा कर सकेगा बशर्ते कि वह दूरी 500 कि० मी० से अधिक न हो। तथापि, जब दो स्थानों के बीच दूरी के अधिकांश भाग को यात्रा केवल विमान या रेल द्वारा की जा सकती है तो शेष दूरी की यात्रा सामान्यतः कार द्वारा की जानी चाहिये।

(13) इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 42(2)(1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"(i) 1-11-1987 को ओर से, अधिकारी के स्थानान्तरण होने पर उसे मालगाड़ी द्वारा अपने समान परिवहन के लिये किये गये खर्च की निम्नलिखित सीमा तक प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वेतन वर्ग	जहां उसका परिवार है	जहां उसका परिवार नहीं है
	कि० ग्राम	कि० ग्राम
2,100/- रु० से 3,060/- रु० प्रतिमाह	3000	1000
3,061/- रु० प्रतिमाह और अधिक	पूरा बैगन	2000

14. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम, 45(2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"समय-समय पर भविष्य निधि को शासित करने वाले नियमों के अनुसार, बैंक भविष्य निधि में अंशदान करेगा किन्तु बैंक द्वारा किये जाने वाले अंशदान की राशि 1-11-87 से 31-12-88 की ओर से अधिकारी वेतन के 80 प्रतिशत के 10 प्रतिशत, 1-1-1989 से 31-12-1989 की ओर से वेतन के 90 प्रतिशत के 10 प्रतिशत और 1-1-199 की ओर से वेतन के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

15. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 46(2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा

"किसी अधिकारी को संदेय उपदान की राशि सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिये एक माह का वेतन किन्तु अधिक से अधिक 15 माह का वेतन होगी।

परन्तु यह कि यदि किसी अधिकारी ने सेवा के 30 वर्ष से अधिक वर्ष पूरे कर लिये हैं तो वह तीस वर्षों के बाद सेवा अवधि के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिये मासिक वेतन की आधी दर पर अतिरिक्त राशि उपदान के रूप में प्राप्त करने के पात्र होंगे।

टिप्पणी:—सेवा के पूरे वर्षों से अधिक सेवा की कोई अवधि छह महीने या उसके अधिक है, तो उसके लिये समानुपातिक आधार पर उपदान दिया जायेगा।

एम० आर० सर्वाधिकारी
महाप्रबन्धक

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इन्डिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 10 जुलाई 1990

सं० 13—सी० ए० (परीक्षा)/एन/90:—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन 1988 के रेगुलेशन 22 के अनुसार दि कॉसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ इण्डिया को नोटिफाइ कराने में प्रसन्नता है कि एन्ट्रेन्स, इन्टरमीडियेट और फाइनल की परीक्षायें निम्नलिखित तिथियों तथा केन्द्रों पर होगी बशर्ते कि प्रत्येक केन्द्र में परीक्षा के लिये पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित होते हैं।

एन्ट्रेन्स परीक्षा : 1, 3, 5 और 6 नवम्बर, 1990

इन्टरमीडियेट परीक्षा

ग्रुप I : 1, 3, 5 और 6 नवम्बर, 1990

ग्रुप II : 7, 8 और 9 नवम्बर, 1990

फाइनल परीक्षा :

ग्रुप I : 1, 3, 5 और 6 नवम्बर, 1990

ग्रुप II :—7, 8 9 और 10 नवम्बर, 1990

परीक्षा केन्द्र :

1. आगरा
2. अहमदाबाद
3. इलाहाबाद
4. अम्बाला
5. बंगलौर
6. बड़ौदा
7. बैलगांव
8. भोपाल
9. बम्बई
10. कलकत्ता
11. कालीकट
12. चण्डीगढ़
13. कोयम्बटूर
14. कटक
15. दिल्ली/नई दिल्ली
16. इरनाकुलम
17. गोहाटी
18. हिसार
19. हैदराबाद
20. इन्दौर
21. जयपुर
22. जम्मू
23. जोधपुर
24. कानपुर
25. काठमांडु (नेपाल)**
26. लखनऊ
27. लुधियाना
28. मद्रास
29. मदुराई
30. मंगलौर
31. मेरठ
32. मैसूर
33. नागपुर
34. नासिक
35. पटना
36. पूना
37. रायपुर
38. सलेम
39. सूरत
40. तिरुचिरापल्ली
41. त्रिचूर
42. त्रिवेन्द्रम
43. उदयपुर

**काठमांडु (नेपाल) केन्द्र पर केवल इन्टरमीडियेट और फाइनल की परीक्षायें होगी।

44. विजयवाड़ा
45. विशाखापटनम
46. यमुनानगर

परीक्षा शुल्क की राशि इंस्टीट्यूट के सचिव के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट द्वारा भेजी जानी चाहिये। उम्मीदवारों की सुविधा के लिये स्टेट बैंक आफ इण्डिया की उल्लिखित शाखाओं में विशेष खाता खोला गया है और परीक्षा शुल्क की अदायगी भारत में स्टेट बैंक आफ इण्डिया की उल्लिखित शाखाओं में की जा सकती है।

परिषद अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को बिना कोई कारण दिये रद्द कर सकती है।

उक्त परीक्षाओं के लिए आवेदन निर्धारित आवेदन पत्रों पर ही दिया जाना चाहिए, जो परीक्षा समिति, इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया के सचिव के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 5 रूपये प्रति आवेदन पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है। उपयुक्त प्रमाण पत्रों और शुल्क के साथ डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान पर्ची काउन्टर फाइल लगाकर आवेदन पत्र इस प्रकार भेजा जाना चाहिय कि वह सचिव परीक्षा समिति के कार्यालय में 3-9-1990 तक पहुंच जाए। आवेदन पत्र सचिव परीक्षा समिति के दिल्ली कार्यालय में 3-9-1990 के बाद 10-9-1990 तक 50/- रुपये विलंम्ब शुल्क के साथ भी स्वीकार किये जायेंगे। 10-9-1990 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायगा। आवेदन पत्र सचिव कार्यालय में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है या रीजनल काउन्सिलों जैसे बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर, अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद और पूना के कार्यालयों में 3-9-1990 तक जमा कराया जा सकता है। इन नगरों में रहने वाले उम्मीदवारों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है।

विभिन्न परीक्षाओं के लिए देय शुल्क इस प्रकार है :—

एन्ट्रैन्स परीक्षा	रु० 150/-
इन्टरमीडियट परीक्षा	
केवल एक ग्रप के लिये	रु० 150/-
दोनों ग्रुपों के लिये	रु० 225/-
फाइनल परीक्षा	
केवल एक ग्रप के लिये	रु० 175/-
दोनों ग्रुपों के लिये	रु० 250/-
विशेष वर्ग (केवल पर्चा 4 या 5) :	रु० 100/-
विशेष वर्ग (केवल पर्चा 4 और 5)	रु० 175/-

कांठमांडु (नेपाल) केन्द्र से बैठने वाले उम्मीदवारों को रु० 300/- या इसके सममूल्य की नेपाली मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे इन्टरमीडियट/फाइनल परीक्षा के एक पेपर, एक ग्रप या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की एच्छिकता

एन्ट्रेन्स, इन्टरमीडियट और फाइनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम से भी देने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न सूचना पत्र में उपलब्ध है।

के० कल्याणारमन,
सचिव (परीक्षा समिति) एंव
वरिष्ठ उप-सचिव (परीक्षा)

क्षेत्रीय कार्यालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

गुवाहाटी-21, दिनांक 15 मार्च, 1990

सं० 43-बी-34/11/75-स्था० गुवाहाटी—यह अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम 1950 के विनियम 10-क के अन्तर्गत असम क्षेत्र में धुबरी के लिए इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या ई-17/10 दिनांक 21 फरवरी, 1979 द्वारा गठित स्थानीय समिति का निम्न प्रकार पुनर्गठन किया गया है :—

अध्यक्ष	
विनियम 10-क(1)(क) के अन्तर्गत	सहायक श्रम आयुक्त, धुबरी, जिला धुबरी।
सदस्य	
विनियम 10-क(1)(ख) के अन्तर्गत	मुख्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी धुबरी, जिला धुबरी।
विनियम 10-क(1)(ग) के अन्तर्गत	प्रशासलिक चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, असम, गुवाहाटी-20 या उसके द्वारा नामित कोई अन्य चिकित्सा अधिकारी।
विनियम 10-क(1)(घ) के अन्तर्गत	(1) श्री भास्कर चटर्जी, निदेशक, मैसर्स धुबरी, प्लाइवुड फैक्टरी, मिशन रोड, धुबरी, (2) श्री डी० के शर्मा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबन्धक, मैसर्स लिमकों लिमिटेड धुबरी, एमको रीजन।

विनियम 10–क(1)(ङ) के अन्तर्गत	(1) श्री इब्राहिरम खान, जनरल सेक्रटरी एमको श्रमिक संघ, एमको रोड, धुबरी। (2) श्री हेमन्त बरकलीता, अध्यक्ष, विनको श्रमिक परिषद, डाकखाना एमको रोड, धुबरी।
सचिव	
विनियम 10–क(1)(च) के अन्तर्गत	प्रबन्धक, स्थानीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, धुबरी।

बी० सी० भारद्वाज,
क्षेत्रीय निदेशक ।

भारतीय भेषजी परिषद

नई दिल्ली–110002, दिनांक 10 जुलाई 1990

फाईल संख्या- 17/1/90-पी०सी०आई०/2135-2275— भारतीय भेषजी परिषद के 24 मार्च 1990 को सम्पन्न हुए 50वें अधिवेशन में पारित निम्नलिखित संकल्पों को भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 15 में विहित प्रावधानों के तहत राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है ।

आन्ध्र प्रदेश

प्रस्ताव संख्या 50/पी०सी०आई०/699—(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप–धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित इन्टरमीडिएट (वोकेशनल) कोर्स इन फार्मेसी (डिप्लोमा इन फार्मेसी) पाठयक्रम का इन्टरमीडिएट (वोकेशनल) कोर्स इन फार्मेसी (डिप्लोमा इन फार्मेसी) की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम आन्ध्र प्रदेश में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
ए० एस० आर० गर्वमेन्ट जूनियर कालेज, खम्मम	20	1990-91
बी० वी० के० जूनियर कालेज, विशाखापटनम	20	1987–88 से 1990–91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, बोर्ड आफ इन्टरमीडिएट एजुकेशन, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में इन्टरमीडिएट (वोकेशनल) कोर्स इन फार्मेसी (डिप्लोमा इन फार्मेसी) परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है ।

आन्ध्र प्रदेश

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/700— "(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप–धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठयक्रम का डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम आन्ध्र प्रदेश में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
राजकीय पॉलीटेक्निक हैदराबाद	60	1991–92
राजकीय महिला पॉली–टेक्निक गुन्टूर	30	1991–92
राजकीय महिला पॉली–टेक्निक काकीनाडा	40	1990–91
राजकीय महिला पॉली–टेक्निक वारंगल	30	1991–92
एस०वी० राजकीय पॉलीटेक्निक तिरुपति	30	1989–90
राजकीय महिला पोली–टेक्निक हिन्दूपुर	30	1985–86 से 1989–90

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप–धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, स्टेट बोर्ड आफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है ।

गुजरात

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/701—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा 12 (1) में विहित प्रावधानों

के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम गुजरात में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
ए० आर० कालेज आफ फार्मेसी एवं जी० एच० पटेल इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी, वल्लभ विद्यानगर	30	1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुरसण में भारतीय भेषजी परिषद, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ-विद्यानगर, गुजरात द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है ।

गुजरात

प्रस्ताव संख्या 50/पी०सी०आई०/702—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में निहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम गुजरात में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
एल० एम० कालेज आफ फार्मेसी अहमदाबाद	120	1992-93

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, गुजरात विश्वविद्यालय, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है ।

हरियाणा

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/703—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम हरियाणा में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
महिला पॉलीटेक्निक कन्या गुरुकुल खानपुर कलां	40	1988-89 से 1989-90

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, बोर्ड आफ टेक्निकल ऐजुकेशन, हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है ।

कर्नाटका

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/704—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रवधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा थार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी, की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम कर्नाटक में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
1	2	3
विश्वेस्वरपुरा इंस्टिट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइसेंस, बंगलौर	60	1990-91
बासवेश्वर स्कूल आफ फार्मेसी बागलकोट	60	1990-91
विवेकानन्द इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी, राजाजीनगर बंगलौर	60	1990-91
एम० जे० एम० कालेज आफ फार्मेसी चित्रदुर्गा	40	1991-92

1	2	3
एस० ई० एस० कालेज आफ फार्मेसी सिरगुप्पा	40	1991-92
श्री सिद्धगंगा कालेज आफ फार्मेसी तुमकूर	40	1984-85 से 1989-90
एम० जे० आर० ई० सोसाइटी स्कूल आफ फार्मेसी, रेस कोर्स रोड बंगलौर	60	1991-92
श्री वासवी फार्मेसी कालेज बेलरी	40	1991-92
बी० ई० एस० इंस्टिटयूट आफ फार्मेसी बंगलौर	40	1985-86 से 1989-90
लोगारी वीरामल्लापा मेमोरियल कालेज आफ फार्मेसी, बेलरी	40	1985-86 से 1989-90
अनुपमा कालेज आफ फार्मेसी, महा लक्ष्मीपुरम, बंगलौर	40	1989-90
अल जमीन कालेज आफ फार्मेसी बंगलौर	60	1991-92
पी० ई० एस० कालेज आफ फार्मेसी हनुमन्त नगर, बंगलोर	60	1991-92
सेन्ट जान कालेज आफ फार्मेसी बंगलौर	60	1991-92

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, बोर्ड ऑफ एग्जामिनिंग ऑथारिटी, मार्फत ड्रगस कन्ट्रोलर फार दी स्टेट ऑफ कर्नाटका, बंगलौर द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये एक अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

केरल

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/705—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम केरल में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
फातिमा कालेज आफ फार्मेसी क्वीलन	120	1990-91
टी० डी० मेडिकल कालेज एलेप्पी	35	1990-91
कालेज आफ फार्मेसी सिसी अस्पताल एरनाकुलम	30	1992-93

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, बोर्ड ऑफ डी० फार्म एग्जामिनेशन, आफिस आफ डायरेक्टर आफ मेडिकल एजुकेशन, त्रिवेन्द्रम, द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

महाराष्ट्र

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/706—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम महाराष्ट्र में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय पूना	40	1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, महानिदेशक, सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषज के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

महाराष्ट्र

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/707—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित

परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम महाराष्ट्र में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
ए० एस० पी० एम० डिप्लोमा इन फार्मेसी इंस्टिट्यूट, ओस्मानाबाद	60	1990–91
ए० आई० टी० इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी, मालेगांव	60	1991–92
पदमश्री डा० विट्ठल राव पाटिल इंस्टिट्यूट टेक्नोलोजी एण्ड इंजीनियरिंग (पॉलीटेक्निक) पॉरवार नगर	60	1991–92
लोकमान्य तिलक महाविद्यालय, वाणी	60	1990–91
इंस्टिट्यूट आफ डिप्लोमा इन फार्मेसी, बोरगांव	60	1991–92
राजजी नाइक इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी, बीबी	30	1989–90
कालेज आफ फार्मेसी, सोलापुर	60	1990–91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, प्रावधिक परीक्षा परिषद, महाराष्ट्र, बम्बई द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती ''

उड़ीसा

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/708—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम उड़ीसा में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
डिमार्टमेंट आफ फार्मेसी, सीमान्त महाविद्यालय, बारपोखरिया	40	1990–91
सिद्धेश्वर कालेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस, अमरदा रोड, बालासोर	40	1990–91
कालेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस, बरहमपुर	60	1990–91
कनक मन्जरी इंस्टिट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साईंसेस, राउरकेला	60	1989–90
बी० एस० एस० मेडिकल कालेज, बुरला	40	1986–87 से 1989–90
कालेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस पुरी	40	1986–87 से 1988–89
इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी एण्ड टेक्नोलोजी, खालीपुर	40	1990–91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, उड़ीसा राज्य फार्मेसी परिषद न्यू नन्दनकानन रोड, पी० ओ० सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।''

पंजाब

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/709—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के लिये सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम पंजाब में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
लोगोंवाल कालेज आफ फार्मेसी डेरावस्सी	60	1986–87 से 1989–90
जी० एच० जी० खालसा कालेज आफ फार्मेसी, गुरूसर सदर	60	1990–91
गवर्नमेंट रणबीर कालेज, संगरूर	40	1986–87 से 1987–88
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक जालन्धर	30	1989–90
एन० जी० एस० ए० गवर्नमेंट कालेज, कपूरथला	40	1986–87 से 1987–88

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, डायरेक्टर आफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड इण्डस्ट्रीयल ट्रेनिंग (टेक्निकल एजुकेशन विंग) पंजाब, चण्डीगढ़ द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।''

पंजाब

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/710—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये

उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम पंजाब में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
एस० डी० कालेज, बरनाला	60	1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।"

उत्तर प्रदेश

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/711—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम उत्तर प्रदेश में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
राजकीय पॉलीटैक्निक, लखीमपुरखेरी	40	1990-91
जनता पॉलीटेक्निक, जहांगीराबाद	40	1986-87 से 1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।"

पांडिचेरी

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/612—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 22 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम पांडिचेरी में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
पांडिचेरी कॉमुनिटी पॉलीटेक्निक पांडिचेरी	40	1986-87 से 1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, प्राविधिक शिक्षा परिषद, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिय अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।"

राजस्थान

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/413—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम राजस्थान में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
भूपाल नोबलस कालेज डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी, उदयपुर	60	1990-91
लाचू मेमोरियल कालेज ऑफ साइंसेस जोधपुर	60	1990-91

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिय अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।"

तमिलनाडु

प्रस्ताव संख्या 50/पी०/सी० आई०/714—"(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखिण संस्थाओं द्वारा संचालित

डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम तमिलनाडु में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
पेरियार कालेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस फार गर्ल्स, तिरूचिरापल्ली	60	1990-91
कोयम्बटूर कालेज आफ फार्मेसी, इरोड	40	1986-87 से 1990-91
अल्ड्रा कालेज ऑफ फार्मेसी, मदुरई	120	1991-92
कोयम्बटूर मेडिकल कालेज, कोयम्बटूर	60	1991-92
के० एम० आर० कालेज, ऑफ फार्मेसी पेरूनदूरई	60 (और सिर्फ 1987-88 सत्र में सीधे द्वितीय वर्ष में 60)	1987-88 से 1989-90
एम० एम० एस० फार्मेसी, कालेज मायर तिरूवत्तर जिला कन्याकुमारी	60	1989-90
विनायक मिशन कालेज ऑफ फार्मेसी, सालेम	120	1991-92
अन्टार्कटिका कालेज ऑफ फार्मेसी, तिरूनेलवेली,	60	1991-92
एस० ए० राजा फार्मेसी, कालेज, अदकंगुलम	60	1991-92

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद, बोर्ड ऑफ एग्जामिनरस फार डिप्लोमा इन फार्मेसी, मार्फत, डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन, तलिनाडु, मद्रास द्वारा उपरलिखित सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

गुजरात

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/715—(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिग्री फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिग्री फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं वर्ष की समाप्ति से पूर्व पूर्व नामांकित छात्रों के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम गुजरात	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	वर्ष समाप्ति के पूर्व तक अनुमोदित
भगवान लाल के० मोदी गवर्नमेंट फार्मेसी कालेज, राजकोट	30	1991-92

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद सोराष्ट्रा विश्वविद्यालय, राजकोट द्वारा आयोजित फार्मेसी में डिग्री परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदत परीक्षा घोषित करती है।"

गुजरात

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई०/716—(1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखत संस्थाओं द्वारा संचालित डिग्री फार्मेसी पाठ्यक्रम की, डिग्री फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिय उनके सामने अंकित संख्या एवं वर्ष की समाप्ति से पूर्व नामांकित छात्रों के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम गुजरात में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	वर्ष समाप्ति के पूर्व तक अनुमोदित
ए० आर० कालेज, ऑफ फार्मेसी, वल्लभविद्यानगर	30	1991-92

(2) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभविद्यानगर द्वारा आयोजित फार्मेसी में डिग्री परीक्षा को' इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिय अर्हित होने के प्रयोजनार्थ, अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।"

कर्नाटका

प्रस्ताव संख्या 50/पी० सी० आई० 717 (1) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उप-धारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा संचालित डिग्री फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिग्री फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिये

उनके सामने अंकित संख्या एवं वर्ष की समाप्ति से पूर्व नामांकित छात्रों के सन्दर्भ में अनुमोदित घोषित करती है।

संस्था का नाम कर्नाटक में	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	वर्ष समाप्ति के पूर्व तक अनुमोदित
विश्वेस्वरपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस, बंगलौर	40	1984–85 से 1990–91

